रजिस्टर्ड/सील्ड

उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2

संख्या-388/2024/2576/22-2-2023-17(37)/2014

लखनऊ: दिनांक: 11 दिसम्बर, 2024

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, भारत का संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए शासनादेश संख्या-564/2018/1106/22-2-2018-07जी/2018 दिनांक 01 अगस्त 2018 एवं सपठित संशोधन विषयक शासनादेश संख्या-120/2021/1382/22-2-2021-07जी/2018 दिनांक 28.07.2021 व शासनादेश संख्या-52/2022/1240/22-2-2022-07जी0/2018, दिनांक 27.05.2022 के प्रस्तर-2(ख) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत विश्व योग दिवस (21 जून, 2023) के अवसर पर केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी जलील (बन्दी संख्या-22199) पुत्र श्री गुलाब नबी, निवासी ग्राम-कमालपुर, थाना-पचदेवरा, जनपद-हरदोई, जिसे सत्र परीक्षण संख्या-188/1985 में भा0द0वि0 की धारा-302/34 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय, पंचम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हरदोई के आदेश दिनांक 24.03.1987 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया, बन्दी की अपील मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश दिनांक-21.05.2007 द्वारा निर्णीत करते हुए उक्त सजा को यथावत रखा गया, बंदी द्वारा दिनांक 21.06.2023 तक 16 वर्ष 00 माह 03 दिन की अपरिहार सजा तथा 20 वर्ष 06 माह 09 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है तथा जेल आचरण संतोषजनक है, की शेष सजा का परिहार करते हैं तथा यह आदेश देते हैं कि यदि उक्त बन्दी को किसी अन्य वाद में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में विधि सम्मत आचरण एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रूपये 50,000/- (पचास हजार रूपये मात्र) से अनधिक धनराशि का एक निजी मुचलका अपने सम्बन्धित कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक को प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

विनोद कुमार द्विवेदी

उप सचिव।

संख्या- 388/2024/2576(1)/22-2-2023 तद्दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ।

2- जिला मजिस्ट्रेट, हरदोई।

3- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, हरदोई।

4- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़।

5- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।

6- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।

7- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।

8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

ममता श्रीवास्तव

अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http//shasanadeshup.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadeshup.gov.in